tnkalvi.online

No. of Printed Pages : **6**

7606

Register Number | | | | | | | |

Language – Part I – HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours] [Maximum Marks : 90

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न-पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई भी कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

भाग - I / PART - I

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर लिखिए। **14x1=14**

Choose the **correct** answer.

1. कबीरदास जी _____ के शिष्य बने।

(क) परमानंद (ख) रामानंद (ग) दयानंद

2. इनके काव्य में कर्मयोग की भावना विद्यमान है _____।

(क) रामनरेश त्रिपाठी (ख) मुक्तिबोध (ग) भारती

3. सूरदास जी की रचना _____ है।

(क) रमैनी (ख) सूरसागर (ग) साखी

4. 'हिमालय' पाठ के कवि _____ है।

(क) रामधारी सिंह दिनकर (ख) भारती (ग) सुभद्राकुमारी चौहान

5. गजानन माधव 'मुक्तिबोध' का जन्म _____ में हुआ।

(क) 1907 (ख) 1905 (ग) 1917

6. आचार्य तुलसीजी ने कालू यशोबिलाश काव्य _____ भाषा में लिखे।

(क) राजस्थानी (ख) पंजाबी (ग) हिन्दी

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2024 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

7. _____ का ज्वर सबसे भयानक होता है।
(क) मित्रता (ख) सुसंग (ग) कुसंग

8. नागपुर के _____ प्रसिद्ध है।
(क) संतरे (ख) सेब (ग) केले

9. 'उसने कहा था' कहानी के लेखक _____ है।
(क) रामनरेश त्रिपाठी (ख) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (ग) मुंशी प्रेमचंद

10. हल्कू ने कंबल के लिए _____ रुपये जमा किये थे।
(क) तीन (ख) दस (ग) पाँच

11. जिस समास का पूर्वपद संख्यावाची विशेषण हो उसे _____ समास कहते है।
(क) द्वन्द्व (ख) द्विगु (ग) अव्ययीभाव

12. दोहे का उल्टा _____ है।
(क) रोला (ख) बरवै (ग) सोरठा

13. _____ लोह पुरुष के नाम से पुकारते है।
(क) गाँधीजी (ख) पटेल (ग) तिलक

14. 'राष्ट्रपति' शब्द का अंग्रेजी रूप _____ है।
(क) President (ख) Prime Minister (ग) Chief Minister

भाग - II / PART - II

अनुभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x2=6**

Answer **any three** of the following.

15. सूरदास क्यों ईश्वर विरोधी के संग को छोड़ने की बात कहते है?

16. 'स्वदेश प्रेम' कविता किस काव्य संग्रह से ली गई है? इसके कवि कौन है?

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2024 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

17. झाँसी की रानी कविता की कवयित्री का नाम क्या है?

18. आज़ादी के बाद के भारत की कल्पना कवि ने कैसे की है?

अनुभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x2=4**

Answer **any two** of the following.

19. हिंसा का पहला चरण क्या है?

20. सच्चा मित्र कौन है?

21. वल्लभ भाई पटेल किस प्रकार के व्यक्ति थे?

अनुभाग - 3 / SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **7x2=14**

Answer **any seven** of the following.

22. पर्यायवाची शब्द लिखिए :
    (अ) चाह
    (आ) फूल

23. समास विग्रह करके नाम बताइए :
    (अ) पाप-पुण्य
    (आ) पंचवटी

24. अंग्रेजी रूप लिखिए :
    (अ) सचिव
    (आ) लिपिक
    (इ) सलाहकार
    (ई) सचिवालय

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2024 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

25. पद परिचय दीजिए :

तोता पेड़ पर बैठा है।

26. शुद्ध कीजिए :

(अ) सरला ने कहानी पढ़ा।

(आ) उस लड़का का क्या नाम है।

27. अर्थ अलंकार किसे कहते है? दो उदाहरण दीजिए।

28. जर्मन का एक सैनिक अफ़सर किस वेश में आया?

29. हल्कू के कुत्ते का नाम क्या है?

30. प्रूफ़रीडरी का काम कौन सीख रहा था?

भाग - III / PART - III

अनुभाग - 1 / SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following questions.

31. काले कंबल पर दूसरा रंग नहीं चढ़ता? यह क्यों कहा गया है?

32. भारत भूमि क्यों स्वर्ग तुल्य है?

33. बचपन में लक्ष्मीबाई किस प्रकार का खेल खेलती थी?

34. 'पता नहीं' कविता के कवि कौन है?

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2024 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

अनुभाग - 2 / SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following.

35. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

मेरे साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। मैं किसी ऐसे काम में नहीं पड़ता जिसमें खतरा या जोखिम न हो।

36. भारत के घुमक्कड़ धर्माचार्य कौन-कौन थे ?

37. लेखिका को चीनी फेरीवाले को भाई कहके पहचानने में क्यों कठिनाई होती थी ?

38. विज्ञापन देना एक कला है ? सोदाहरण समझाइए।

अनुभाग - 3 / SECTION - 3

किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x4=12**

Answer **any three** of the following.

39. सही जोड़ मिलाइए :

(क) स्वदेश प्रेम	–	रवीन्द्रनाथ ठाकुर
(ख) समदर्शी भगवान	–	बाबु गुलाब राय
(ग) विज्ञापन की कला	–	माखनलाल चतुर्वेदी
(घ) पोस्टमास्टर	–	पंडित रामनरेश त्रिपाठी

40. अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(अ) अनुकरण करना

(आ) कलई खुल जाना

41. परीक्षा में प्रथम आये अपने मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

42. अनुप्रास अथवा उपमा अलंकार उदाहरण सहित समझाइए।

43. पद परिचय दीजिए :

(अ) राम ने रावण को मारा

(आ) मैने मोहन को बुलाया।

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2024 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

भाग - IV / PART - IV

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। **3x6=18**

Answer the following in detail.

44. (अ) 'हिमालय' कविता का सारांश लिखिए।

अथवा

(आ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

सच्चा मित्र एक अमूल्य रत्न है, जिसकी प्राप्ति सुगम नहीं है। यह भाग्य से ही किसी महापुरुष को मिलता है। मनुष्य मित्र प्रेम के सम्मुख माता की ममता, पिता का प्रेम, बहिन का स्नेह, भाई का प्रेम और बन्धु बान्धवों का अनुराग सब कुछ भूल जाता है। जो बात हम माता से कहते हुए शर्माते है पिता से कहते हुए डरते है वह बात मित्र को नि:संकोच और नि:शंक कह डालते है। मित्र हमारे हृदय के अन्तस्थल में विराजमान होता है। उससे कोई रहस्य छिपा नहीं है। वह हमारे सुख-दुख का संगी है, विपत्ती में सहायक और आड़े समय में काम आनेवाला है।

प्रश्न :

(i) सच्चा मित्र कैसे और किसको मिलता है? क्यों?

(ii) मनुष्य मित्र-प्रेम के सम्मुख क्या-क्या भूल जाता है?

(iii) मित्र से क्या लाभ प्राप्त होते है?

(iv) इस गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

45. (अ) स्वतंत्रता के विघटन का कारण बताइए।

अथवा

(आ) मेरा प्रिय त्योहार पर एक अनुच्छेद लिखिए।

46. (अ) सिद्धेश्वरी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

अथवा

(आ) दोहा छंद या हरिगीतिका छंद उदाहरण सहित समझाइए।

भाग - V / PART - V

कंठस्थ भाग : **(अनिवार्य प्रश्न)** **1x6=6**

Quote from memory : **(Compulsory)**

47. कबीर के किन्हीं तीन दोहे पाठ्यक्रमानुसार लिखिए।

- o O o -

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-march-2024 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share